प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

13.05.2024/प्रादेशिक समाचार/9:20 बजे

नामांकन

प्रदेश में 4 ससंदीय क्षेंत्रों में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा क्षेत्रों में एक जून को होने वाले उपचुनाव के लिए नामाकंन दाखिल करने में दो दिन शेष हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 14 मई तय की गई है। सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर आज हमीरपुर में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले वे भोरंज और सुजानपुर विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। अनुराग सिंह ठाकुर दोपहर बाद बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जन संपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों से अपने पक्ष में समर्थन मांगेगे। इस बीच शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप भी आज शिमला में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

कांग्रेस नामांकन

दूसरी तरह शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेसप्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी आज शिमला में नामांकन पत्र भरेंगे। बाद में कांग्रेस चौड़ामैदान के अंबेदकर चौक पर एक जनसभा आयोजित करेगी। इस अवसर वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे।

अनुराग

सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार ने देश का चहुमुखी विकास सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम लोगों को गुमराह करना है लेकिन आंकड़े बताते हैं कि देश में रोजगार बढ़ा है और बेरोजगारी दर घटी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2018 से लेकर 2024 तक ई पी एफ ओ में 7 करोड़ 60 लाख लोग पंजीकृत हुए हैं। यानी इतने लोगों को फॉरमल सैक्टर में रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले वर्ष 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरियां दी हैं और मुद्रा योजना के तहत लोगों को स्वरोजगार के लिए 41 लाख रूपए ऋण के रूप में दिए गए हैं। इसके अलावा करीब 30 करोड़ ई–श्रम कार्ड बनाए गए हैं।

मुख्यमंत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि केंद्र सरकार ने हिमाचल के हितों की हमेशा अनदेखी की है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी सतपाल रायज़ादा के लिए जसवां परागपुर में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने अनुराग ठाकुर पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार में मंत्री होने के बावजूद वे प्राकृतिक आपदा के समय प्रदेश को विशेष राहत पैकेज नहीं दिला पाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास पैसा नहीं है लेकिन जनता की ताकत है।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर आरोप लगाया है कि आपदा के समय हिमाचल प्रदेश को केंद्र द्वारा दी गई करोड़ों की मदद आज भी आपदा प्रभावितों तक नहीं पहुंच पाई है। बंज़ार के दयार में मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत के लिए चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही पूर्व भाजपा सरकार द्वारा जनहित में खोले गए संस्थानों को बंद करने का काम किया है। जयराम ठाकुर ने कंगणा रणौत के लिए लोगों से वोट देने की अपील की।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **किन्नौर में बादल फटा, कुल्लू में गाड़ी पर पत्थर गिरने से महिला की गई जान। पंजाब केसरी** के शब्द हैं **किन्नौर के घरशू में बादल फटने की आशंका से दहशत, शिंकुला में फंसे 10 मजदूर रैस्क्यू। दैनिक जागनण** ने लिखा है **चोटियों पर हिमपात और वर्षा से 11 डिग्री सेल्सियस तक गिरा तापमान–सेब की फसल के लिए नुक्सानदायक।**

2 दिन के अवकाश के बाद आज से शुरू होगी नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रकिया पंजाब केसरी की एक खबर है। **दैनिक भास्कर** ने लिखा है **नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले शिमला संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने किया शक्ति प्रदर्शन। हिमाचल दस्तक** के शब्द हैं **आज से शुरू होगा कांग्रेस का दूसरे चरण का प्रचार।**

मंडी–कांगड़ा आएंगे पीएम मोदी, शीर्षक से **दिव्य हिमाचल** ने लिखा है **19 से 23 मई के बीच दो संसदीय क्षेत्रों में करेंगे चुनावी रैलियां।**

पर्यटकों की बहार, मनाली और कसौली के 80 फीसदी होटल पैक अमर उजाला की एक खबर है।